एक नजर में

ट्रेज़र आइलैंड मॉल में कलाकारों ने फैंस के साथ बिताए पल

इंदौर. ट्रेज़र आइलैंड मॉल पूरी तरह सितारों की चमक से जगमगा उठा, जब बहुप्रतीक्षित फिल्म 'एक चतुर नार' के कलाकार यहां पहुंचे. इस मौके पर फिल्मक के लीड ऐक्टजर नील नितिन मुकेश और मुख्य अभिनेत्री दिव्या खोसला कुमार का जोरदार स्वागत हुआ. फिल्म की रिलीज़ से पहले दोनों कलाकार मॉल में अपने फैन्स से मिलने और फिल्म को प्रमोट करने पहुंचे थे. स्पेशल मीट एंड ग्रीट इवेंट में सितारों ने चाहने वालों से बातचीत की, उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं और फिल्म की कहानी व पर्दे के पीछे के दिलचस्प पलों की झलक साझा की. उनकी मौजूदगी ने पूरे माहौल को ग्लैमर, जोश और मनोरंजन से भर दिया, जिससे फैन्स पूरी तरह उत्साहित और खुश नज़र आए.

ब्लेंडर्स प्राइड ने फिल्मफेयर अवॉर्ड्स के साथ की साझेदारी

इंदौर. ब्लेंडर्स प्राइड (पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर) ने फिल्मफेयर ग्लैमर एंड स्टाइल अवॉर्ड्स 2025 के साथ अपनी प्रमुख साझेदारी की घोषणा की. दो प्रतिष्ठित शक्तियों का यह मिलन एक शानदार मंच तैयार करता है, जो फैशन, स्टाइल और मनोरंजन की बेहतरीन दुनिया पर रोशनी डालता है. पर्नोड रिकार्ड इंडिया के जनरल मैनेजर - मार्केटिंग इशविंदर सिंह ने कहा ब्लेंडर्स प्राइड (पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर) हमेशा से फैशन, स्टाइल और ग्लैमर की दुनिया में अग्रणी रहा है. फिल्मफेयर ग्लैमर एंड स्टाइल अवॉर्ड्स के साथ हमारी साझेदारी उन लोगों को सम्मानित करती है, जो संस्कृति में नए ट्रेंड स्थापित करते हैं, यह परिभाषित करते हैं कि क्या इन-व्होग है और 'द वन एंड ओनली' होने की पहचान को जीते हैं.

अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में आकर्षक डील्स

इंदौर. अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025, 23 सितंबर से शुरू हो रहा है और घर, रसोई तथा बाहरी उत्पादों की व्यापक रेंज पर आकर्षक डील्स लेकर आ रहा है. प्राइम सदस्यों के लिए यह सेल 24 घंटे पहले शुरू हो जाएगी। ग्राहक रोबोटिक वैक्यूम्स, वाटर प्यूरीफायर, फर्नीचर, सजावट, रसोई की ज़रूरी चीज़ों और त्योहारों में रोशनी के लिए आवश्यक चीज़ों के साथ अपने लिविंग स्पेस को और भी सुंदर बना सकते हैं. बैंक छूट के साथ ब्रांडों से डील्स पाएँ, जिससे कई घरेलू श्रेणियों में बड़ी बचत होगी तथा इस अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में और भी बहुत कुछ मिलेगा.

इंडस ऐपस्टोर ने बनाई 10 करोड़ डिवाइस में अपनी जगह

इंदौर. भारत के अपने एंड्रॉयड ऐप मार्केटप्लेस, इंडस ऐपस्टोर ने आज एक शानदार उपलब्धि की घोषणा की है. इसने 10 करोड़ से अधिक डिवाइस पर अपनी जगह बना ली है. इसकी सफलता का एक बड़ा कारण इसकी स्थानीय भाषा में होना है, जो यूजर्स को अंग्रेज़ी के साथ-साथ 12 भारतीय भाषाओं में भी ऐप्स खोजने की सुविधा देती है. इस महत्वपूर्ण क्षण पर, इंडस ऐपस्टोर की चीफ बिजनेस ऑफिसर, प्रिया एम नरसिम्हन जी ने कहा कि 10 करोड़ का ऐतिहासिक आँकड़ा पार करना हम सभी के लिए एक बेहद गर्व का क्षण है, और भारत के लिए एक हॉरिज़ॉन्टल ऐप स्टोर बनाने की हमारी यात्रा में यह एक महत्वपूर्ण पड़ाव है. हम अपने यूजर को एक सहज, सुरक्षित और बेहतर ऐप चुनने का अनुभव देना जारी रखेंगे.

एण्ड टीवी पर हंसना जरूरी है!

इंदौर. इस हफ़्ते एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में दर्शकों को मिलने वाला है जबरदस्त हंसी और धमाल. 'हप्पू की उलटन पलटन' के आगे की कहानी के बारे में बताते हुए हिमानी शिवपुरी उर्फकटोरी अम्मा ने कहा गगन चमची (ज़ारा वारसी) को प्रोपोज़ करता है, जिसे वह ठुकरा देती है. उससे ठुकराए जाने पर गगन विदेशी बनने का नाटक करता है और देसी खाने का मज़ाक उड़ाता है. गगन की बातों से शर्मिंदा होकर चमची ऐलान करती है कि अब घर में सिर्फ़विदेशी डिश जैसे ब्रोकोली पिज़्ज़ा और ज़ुकिनी सैंडविच ही बनेंगे. 'भाबीजी घर पर हैं' में मनमोहन तिवारी का किरदार निभा रहे रोहिताश्व गौड़ ने कहा अनीता और अंगूरी हर छोटी-बड़ी बात पर अपने पतियों-विभूति और तिवारी, को डाँटती रहती हैं. मगर दोनों पति खामोश रहते हैं और गुस्सा अंदर ही दबा लेते हैं. तभी कलावती एक अजीबो-गरीब नुस्ख़ा सुझाती है- फ़टो/वेंट आउट तकनीक, जिससे पति छोटे-छोटे गुस्से बाहर निकाल सकें. लेकिन पतियों पर इसका कोई असर नहीं होता और कॉमेडी और बढ़ जाती है.

ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया ने छह इंक टैंक प्रिंटर पेश किए

इंदौर. ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया ने दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में छह उच्च दक्षता वाले इंक टैंक प्रिंटरों की एक नई श्रृंखला लॉन्च की, जिसे घरेलू उपयोगकर्ताओं, कार्यालय पेशेवरों और छोटे व्यवसायों की उभरती मुद्रण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है. ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया के प्रबंध निदेशक, आलोक निगम ने कहा, ब्रदर ग्रुप के लिए भारत सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है और यह नई रेंज, हर क्षेत्र की आधुनिक प्रिंटिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई है। चाहे घर से काम करने में मदद करना हो, ऑफिस डॉक्यूमेंटेशन का प्रबंधन करना हो, या बड़ी व्यावसायिक ज़रूरतों को पूरा करना हो, यह लाइनअप भारतीय परिवारों, पेशेवरों और व्यवसायों, सभी के लिए प्रदर्शन, दक्षता और मूल्य का सही मिश्रण प्रदान करता है.

मोटोरोला ने बिग बिलियन मोटोरश की घोषणा की

इंदौर. मोटोरोला ने आज फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज़ सेल 2025 के लिए प्रीमियम और मिड-रेंज स्मार्टफोन्स के अपने सबसे बड़े फेस्टिव लाइन-अप की घोषणा की. ये सभी स्मार्टफोन अविश्वसनीय दामों पर उपलब्ध होंगे. दुनिया के सबसे शानदार एआई-पावर्ड मोटोरोला एज 60 प्रो और मोटोरोला एज 60 फ्यूजन से लेकर बेस्टसेलिंग मोटो जी सीरिज स्मार्टफोन्स तक, और आइकॉनिक मोटोरोल रेजर 60 सीरिज तक, मोटोरोला इस सीजन में त्योहारी शॉपिंग को आनंददायक बनाएगा. यह सेल केवल फ्लिपकार्ट पर 23 सितंबर से रात 12 बजे से अर्ली एक्सेस कस्टमर्स के लिए और 22 सितंबर से सभी उपभोक्ताओं के लिए लाइव होगी.

मलाबार ग्रुप ने शुरू किया नर्चरिंग बीगिनिंग्स प्रोजेक्ट

इंदौर. मलाबार ग्रुप ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को आगे बढ़ाते हुए डब्ल्यूएचओ इंडिया के साथ मिलकर एक नया सीएसआर प्रोजेक्ट 'नर्चरिंग बीगिनिंग्स' शुरू किया है. इस प्रोजेक्ट का मकसद शहरों की गरीब बस्तियों में रहने वाली मां ओं और बच्चों को बेहतर पोषण और स्वास्थ्य सेवाएं देना है. इसके लिए मलाबार ग्रुप के कोझिकोड, कुट्टिकट्टूर स्थित मुख्यालय में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए. इस मौके पर डब्ल्यूएचओ इंडिया के प्रतिनिधि डॉ रोडेरिको एच ओफ्रिन, डब्ल्यूएचओ के नेशनल प्रोफेशनल ऑफिसर डॉ बी मुहम्मद अशील, मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के मैनेजिंग डायरेक्टर (इंडिया ऑपरेशंस) अशर ओ, ग्रुप एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर निशाद एके, एनजीओ 'थनल' के चेयरमैन डॉ वी इदरीस, मलाबार ग्रुप के सीनियर डायरेक्टर्स और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे. यह प्रोजेक्ट मलाबार चैरिटेबल ट्रस्ट के जरिए लागू होगा. मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा नर्चरिंग बीगिनिंग्स हमारे लिए बहुत खास प्रोजेक्ट है, जो हमारे 'हंगर फ्री वर्ल्ड' प्रोग्राम को और मजबूत करता है.

बिजासन मंदिर सफाई और वर्कशॉप के वेस्ट का थ्री आर में निपटान करें : निगमायुक्त

आयुक्त ने शहर में किया विभिन्न स्थानों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

नव भारत न्यूज

इंदौर. आज आयुक्त ने शहर में विभिन्न स्थानों के साथ गंगवाल बस स्टैंड की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने बिजासन माता मंदिर और निगम वर्कशॉप का दौरा भी किया. बस स्टैंड के पार्किंग संचालक का चालान और वर्कशॉप के अटाले एवं ऑयल वेस्ट ड्रम का ट्रिपल आर में निपटान करने के आदेश दिए.

निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने आज सुबह 6.30 बजे से शहर की सफाई व्यवस्था, बिजासन मंदिर, वर्कशॉप का निरीक्षण किया गया. आयुक्त यादव ने शहर के मधु मिलन चौराहा, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, बड़ा गणपति चौराहा, गंगवाल बस स्टैंड क्षेत्र, 60 फीट रोड, झोन क्रमांक 16, पल्हर नगर क्षेत्र एयरपोर्ट रोड, बिजासन मंदिर परिसर, वर्कशॉप आदि का निरीक्षण किया. आयुक्त यादव ने निरीक्षण में गंगवाल बस स्टैंड पर कचरा गंदगी और सफाई व्यवस्था ठीक नहीं होने पर कहा कि मुझे दिखता है तुम्हें नहीं दिखता? अभी वार्निंग दे रहा हूं. अगली बार फिर आऊंगा तब आप सफाई व्यवस्था में साथ रहूंगा, अगर सफाई संतोष जनक नहीं दिखाई तो आप पर कार्रवाई होगी. साथ ही गंगवाल बस स्टैंड के पार्किंग ठेकेदार पर चालानी कारवाई करने के निर्देश दिए. नवरात्रि के मद्देनजर यादव द्वारा बिजासन मंदिर परिसर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। नवरात्रि के पहले विशेष सफाई अभियान चलाकर परिसर में डस्टबिन रखने, तालाब के आसपास सुरक्षा की दृष्टि से फेंसिंग व्यवस्थित करने, मंदिर पहुंच मार्ग पर रोड रिपेयर एवं पैचवर्क कार्य करने निर्देश दिए।

कचरा मिलने पर मालिक पर चालानी कार्रवाई

इसके बाद आयुक्त यादव ने राज मोहल्ला चौराहा, बड़ा गणपति चौराहा होते हुए 60 फीट रोड का भी निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान 60 फीट रोड पर मार्केट में कचरा पाए जाने पर मालिक पर चालानी कारवाई और क्षेत्रीय एसडीएम से प्लॉट का सीमांकन करा कर वर्तमान स्थिति पता करने आदेश दिए. आयुक्त ने 60 फीट रोड स्थित झोन क्रमांक 16 जोनल कार्यालय परिसर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने तथा रोड पर लगे फ्लैस, बैनर, पोस्टर हटाने के निर्देश भी दिए गए. इसके पश्चात आयुक्त यादव ने निगम वर्कशॉप का निरीक्षण किया गया. वर्कशाप के निरीक्षण के दौरान गाड़ियां रिपेयर होने की जानकारी लेकर वर्कशॉप में वेस्ट का निपटान करने और आइल वेस्ट ड्रम का 3 आर में उपयोग करने के निर्देश दिए गए.

नायता मुंडला स्टैंड से ही चलेंगी महाराष्ट्र व हरदा की बस

आईडीए हाईकोर्ट में जीता, बस ऑपरेटरों की याचिका खारिज

नव भारत न्यूज

इंदौर. आईडीए द्वारा निर्मित नायता मुंडला बस स्टैंड शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है. आईडीए के खिलाफ बस ऑपरेटरों द्वारा लगाई याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया. साथ ही हाईकोर्ट ने राज्य शासन के गजट नोटिफिकेशन को जनहित में शासन की पॉलिसी का हिस्सा मानते हुए सही ठहराया है.

नायता मुंडला बस स्टैंड को लेकर बस ऑपरेटरों सुरेंद्र कुमार, रोहन सोनकर और महेंद्रसिंह और अन्य की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने आज फैसला सुना दिया. हाईकोर्ट जस्टिस सुबोध अभ्यंकर ने तीनों याचिकाओं की सुनवाई करते हुए कहा कि शासन ने नियमानुसार बस स्टैंड शिफ्ट करने के कार्रवाई की है.

शासन ने शहर में बढ़ते यातायात और जनहित को ध्यान में रखकर नए बस स्टैंड बनाकर शहर के बाहर से बसें संचालित करने का निर्णय लिया है. उक्त निर्णय जनहित को ध्यान में रखकर शासन की पॉलिसी का हिस्सा है, जो पूर्ण रूप से कानून सम्मत और उचित है. नायता मुंडला बस स्टैंड आईडीए द्वारा करीब 20 करोड़ रुपए के लागत से बनाया था. तत्कालीन कलेक्टर आशीष सिंह ने महाराष्ट्र के नागपुर, अमरावती, अहमद नगर, बैतूल, हरदा, मुल्ताई, हंडिया, चापड़ा रूट की बसें उक्त बस स्टैंड से चलाने के निर्देश दिए थे. बस ऑपरेटर उक्त नए बस स्टैंड से बसें संचालन करने के निर्णय के खिलाफ हाईकोर्ट से स्थगन ले आए थे. आज उक्त स्थगन और याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर आईडीए के पक्ष में फैसला सुना दिया.

नियमानुसार गजट नोटिफिकेशन किया

ध्यान रहे कि संभागीय परिवहन प्राधिकारी और अपर कलेक्टर राजेश राठौर ने 26 फरवरी 2024 को राज्य शासन के नियमानुसार गजट नोटिफिकेशन किया था. नोटिफिकेशन में उल्लेख है कि जनहित में इंदिरा कॉम्प्लेक्स और नवलखा बस स्टैंड को गैर अधिसूचित किया जाता है. साथ उक्त बस स्टैंड से संचालित होने वाली सभी बसें नए अधिसूचित नायता मुंडला बस स्टैंड से संचालित होगी.

विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

इंदौर. कैदियों को उनके विधिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के साथ-साथ जीवन में वृक्षारोपण के महत्व से अवगत कराने के उद्देश्य से तहसील विधिक सेवा समिति देपालपुर के तत्वाधान में उपजेल देपालपुर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन कर पौधारोपण कार्यक्रम जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान के मुख्य आतिथ्य में किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर भविष्य देने के लिए हम सब का यह परम कर्तव्य है कि हमें वृक्षारोपण को जीवन का अहम हिस्सा बनाए. श्री खान ने शिविर में बंदियों के स्वास्थ्य उपचार की जानकारी लेकर उन्हे वितरित किए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता के संबंध में जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया. उक्त शिविर में सीनियर सिविल जज/न्यायिक मजिस्टेªट रिजवाना कौसर, सुमित्रा ताहेड़ एवं दिव्या श्रीवास्तव, सहायक जेल अधीक्षक आर.एस. कुशवाह, एएसआई रामेश्वर झाड़िया, मुख्य प्रहरी राजेश भूरिया, प्रहरी विवेक शर्मा, महिला प्रहरी एकता पटेल व आरती सोलिया, मेलनर्स शिवानी श्रीवास्तव, टेक्निकल असिस्टेंट इंदल राय, आदेशिका वाहक मुकेश खत्री एवं नायब नाजिर दिलीप यादव सहित सम्पूर्ण जेल स्टॉफ एवं बंदी उपस्थित रहें.

56 दुकान पर विशेष पिक्टोरियल पोस्टकार्ड और मोहर का विमोचन

पोस्टकार्ड लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी

इंदौर. डाक विभाग द्वारा 56 दुकान पर एक विशेष पिक्टोरियल पोस्टकार्ड एवं मोहर का विमोचन किया गया. यह विशेष कार्यक्रम सांसद शंकर लालवानी के मुख्य आतिथ्य तथा विशेष अतिथि पोस्टमास्टर जनरल इंदौर प्रीति अग्रवाल, प्रवर अधीक्षक शिवांसु कुमार की अध्यक्षता तथा छप्पन दुकान परिसर के प्रतिष्ठित व्यापारी मोहन अग्रवाल, श्याम शर्मा एवं कैलाश रिजवानी की उपस्थिति में संपन्न हुआ.

हिन्दी पखवाड़े के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में जब, आज आमजन पत्र लेखन भूलते जा रहें है. ऐसे में डाक विभाग द्वारा पत्र लेखन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें आमजन के लिए पोस्टकार्ड लेखन आयोजित किया गया, जिसका विषय था- 56 दुकान पर आपका अनुभव. इसमें इंदौर के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. बच्चों ने विशेष रंग-बिरंगे शब्दों में अपनी यादें और अनुभव साझा किए, जिससे आयोजन को एक भावनात्मक और रचनात्मक छवि मिली.

आयोजन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वे जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में स्कूल बच्चो द्वारा हस्तलिखित पोस्टकार्ड भी प्रधानमंत्री को लिखे गए. सांसद द्वारा पोस्ट कार्ड से संबंधित अपने पुराने समय के विचार व्यक्त किए एवं डाक विभाग के इस प्रयास की सराहना की.

इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर के समस्त सहायक निदेशक, स्थानीय अधीक्षक तथा इंदौर जीपीओ के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमति पंखुरी भंसाली द्वारा किया गया तथा अंत में सभी अतिथियों ने 56 दुकान क्षेत्र के प्रति जनता के जुड़ाव और इसके महत्व को रेखांकित करते हुए डाक विभाग की इस पहल की सराहना की।

सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी

इसके अतिरिक्त, फिलेटली (डाक टिकट संग्रह) से संबंधित एक क्विज़ एवं सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. विजेताओं को डाक विभाग की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए. 56 दुकान पर आई जनता द्वारा भी इस अवसर पर पोस्टकार्ड लिखे गए. यह आयोजन न केवल डाक सेवाओं की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्ता को दर्शाता है, बल्कि नई पीढ़ी को पत्र लेखन और फिलेटली जैसी पारंपरिक विधाओं के प्रति जागरूक करने का प्रयास भी है.

विजय नगर अग्रवाल महासंघ ने निकाली प्रभातफेरी

इंदौर. अग्रवाल समाज महासंघ विजय नगर द्वारा पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों का शुभारंभ सुबह सत्यसांई चौराहा स्थित पंचमुखी बालाजी मंदिर पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के पूजन एवं तदपश्चात क्षेत्र में प्रभात फेरी के साथ हुआ.

महासंघ के संरक्षक किशोर गोयल, अध्यक्ष अजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष नितेश बंसल और महामंत्री नीरज अग्रवाल ने बताया कि सुबह समाजसेवी हरि अग्रवाल, दीपचंद अग्रवाल, किरण-अतुल बंसल, गोविंद मंगल एवं के.के. गोयल, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप गोयल, अजय मित्तल एवं प्रकाश मोमबत्ती के आतिथ्य में प्रतिमा पूजन के साथ प्रभातफेरी का शुभारंभ हुआ. प्रभातफेरी ए.बी. रोड से बसंत विहार, शांति निकेतन, बाम्बे हास्पिटल होते हुए ओमनी एवं रेडिसन के पास रिंग रोड पर आरती एवं स्वल्पाहार के साथ संपन्न हुई. महोत्सव में अग्रवाल कार्निवाल्स का आयोजन ओमनी पैलेस पर किया जाएगा.

सबसे बड़े नवरात्रि महोत्सव में 23 दिव्य रूपों में मां दुर्गा के दर्शन

22 सितं. से 2 अक्टू. तक वीआईपी परस्पर नगर में आयोजन

आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज कर रहे हैं आयोजन

इंदौर. इंदौर में इस साल होने जा रहे मध्य प्रदेश के सबसे बड़े नवरात्रि महोत्सव की तैयारी लगभग पूर्ण होने को है. इसका आयोजन वीआईपी परस्पर नगर में किया जा रहा है. नवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य और अद्वितीय धार्मिक आयोजन 22 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक होगा. इस दिव्य आयोजन का मार्गदर्शन कृष्णगिरी पीठाधीश्वर, जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरि महाराज द्वारा किया जा रहा है. 25 एकड़ भूमि पर इस विशाल प्रांगण को तैयार किया गया है.

इस अति विशाल नवरात्रि महामहोत्सव में 25 हजार स्क्वायर फीट के भव्य, दिव्य और अलौकिक पंडाल में मां दुर्गा के 23 दिव्य रूपों के दर्शन हो रहे हैं. यहां मां अपने परिवार के साथ विराजी हैं. इस भव्य अलौकिक और अध्यात्म से परिपूर्ण पंडाल को निहारने के लिए हर दिन सुबह से देर रात तक भक्तों की भीड़ उमड़ रही है. भव्य मुख्य प्रवेश द्वार से अंदर आते ही पंडाल के प्रवेश द्वार पर मां लक्ष्मी के वाहन उल्लू नजर आ रहे है. ये पंडाल के प्रवेश द्वार को और भव्य बना रहे हैं. इस पंडाल में मां दुर्गा के दिव्य रूपों का दर्शन करने आने वाले भक्तों को पहले ही मां लक्ष्मी की समृद्धि की कृपा का आनंद मिलेगा और भक्त अपने परिवार के साथ मां के इन दिव्य रूपों का दर्शन कर सकेंगे. इस दिव्य और अलौकिक पंडाल को इस तरह तैयार किया हुआ है मानो मां अपने दिव्य रूपों के साथ बादलों के बीच विराजी हों. बादलों से पानी को बूंदें टपकने का एहसास ये पंडाल दे रहा है. आयोजन स्थल पर ही स्वर्ण लेपित अष्ट कलश भी स्थापित किए गए हैं. प्रतिदिन यज्ञ स्थल पर शाम 7 से रात 10 बजे तक देवी भागवत कथा भी होगी। इस कथा श्रवण में भक्तों का मां के दिव्य अवतारों से साक्षात्कार होगा.

मेरिल ने मिज़ो एंडो 4000 लॉन्च किया

इंदौर. मेडिकल डिवाइस कंपनी मेरिल ने मिज़ो एंडो 4000 नामक अगली पीढ़ी के सॉफ्ट टिश्यू सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम के लॉन्च की घोषणा की. यह क्रांतिकारी इनोवेशन सर्जिकल प्रिसिजन और पहुंच को नए सिरे से परिभाषित करेगा और भारत को एडवांस्ड रोबोटिक सर्जरी का वैश्विक हब बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा. मेरिल के सीईओ विवेक शाह ने कहा मिज़ो एंडो 4000 सिर्फ एक तकनीकी उन्नति नहीं है- यह एक स्टेटमेंट ऑफ इंटेंट है. यह सिस्टम मरीजों के लिए सुरक्षित, न्यूनतम आक्रामक प्रक्रियाएं, तेज़ रिकवरी और बेहतर परिणाम प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है. आने वाले वर्षों में, हम कल्पना करते हैं कि यह इनोवेशन देशभर में सर्जिकल केयर को बदल देगा और भारत को मेडटेक का वैश्विक केंद्र स्थापित करेगा.

एयरटेल की मुहिम से साइबर अपराध में कमी

इंदौर. भारती एयरटेल ने आज घोषणा की है कि उसके द्वारा शुरू की गई एंटी-फ्रॉड पहलों के चलते साइबर अपराध की शिकायतों में उल्लेखनीय गिरावट आई है. इस प्रभाव की पुष्टि हाल ही में गृह मंत्रालय (एमएचए) के भारतीय साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई 4 सी) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों से भी हुई है. गृह मंत्रालय-आई 4 सी के अनुसार, एयरटेल नेटवर्क पर वित्तीय नुकसान के मूल्य में 68.7% की भारी गिरावट और कुल साइबर अपराध मामलों में 14.3% की कमी दर्ज की गई है. भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन व प्रबंध निदेशक गोपाल विट्ठल ने कहा हमारा मिशन अपने ग्राहकों को स्पैम और वित्तीय धोखाधड़ी से पूरी तरह मुक्त करना है।.पिछले एक वर्ष में, हमारे एआई-आधारित नेटवर्क सॉल्यूशंस ने 48.3 बिलियन से अधिक स्पैम कॉल्स की पहचान की और 3.2 लाख धोखाधड़ी वाले संदिग्ध लिंक्स को ब्लॉक किया.

एक नजर में — अग्रवाल सांस्कृतिक मंच नंदानगर द्वारा आयोजित जयंती महोत्सव के कार्यक्रमों का रंगारंग शुभारंभ

अग्रसेन के संदेश हर युग, हर क्षेत्र और हर हालात में प्रासंगिक

इंदौर. महाराजा अग्रसेन ने पांच हजार वर्ष पहले जो नीतियां और आदर्श स्थापित किए, वे हर युग, हर क्षेत्र और हर हालात में प्रासंगिक हैं.

समता, समाजवाद और समरसता के रास्ते पर चलकर ही समाज और राष्ट्र की प्रगति संभव है. अग्रवाल समाज ने अपने पुरुषार्थ और परिश्रम से पूरी दुनिया में अपनी प्रतिष्ठा की ध्वजा फहराई है. अग्रसेन जयंती महोत्सव की सार्थकता समाज की एकता, धर्म और संस्कृति के प्रति अटूट निष्ठा और जरूरतमंद लोगों की सेवा करने जैसे संकल्पों से ही संभव है.

ये विचार हैं अतिथियों के, जो उन्होंने रवीन्द्र नाट्य गृह के खचाखच भरे सभागृह में अग्रवाल सांस्कृतिक मंच नंदानगर द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती महोत्सव के कार्यक्रमों का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए.

अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल, टीकमचंद गर्ग, हितेश बिंदल, जगदीश बाबाश्री, अजय अग्रवाल, कुलभूषण मित्तल कुक्की, नितिन अग्रवाल, नारायण अग्रवाल 420 पापड़वाले, गोपाल अग्रवाल, महेश मित्तल, अमित बंसल सहित अनेक अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर म्यूजिकल तम्बोला एवं अन्य रंगारंग, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया. इस मौके पर केन्द्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष संजय बांकड़ा, किशोर गोयल, अरविंद बागड़ी, राजेश बंसल सहित अनेक विशिष्टजन मौजूद थे.

अतिथियों ने संस्था की ओर से समाजबंधुओं को लाखों रु. मूल्य के उपहार वितरित किए. प्रारंभ में संस्था के समन्वयक गणेश गोयल एवं विजय मित्तल, संस्थापक अजय मित्तल, अध्यक्ष सोनू अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अश्विन गोयल, शरद अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, वीरेन्द्र अग्रवाल एवं कार्यकारिणी के सदस्यों ने मेहमानों का स्वागत किया.

गणेश वंदना की प्रस्तुति रही आकर्षण

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण था महाराष्ट्र से आए 40 कलाकारों द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति और फिल्म छावा पर आधारित नाट्य मंचन और ऑपरेशन सिंदूर पर केन्द्रित भावपूर्ण प्रस्तुति. लकी ड्रा का शुभारंभ पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश गोयल के हाथों खुलवाया, जिसमें सोने के सिक्के का पुरस्कार पूजा-अभय अग्रवाल के नाम रहा. करतल ध्वनि के बीच मेहमानों ने पूजा सहित अन्य विजेताओं को पुरस्कृत किया. अंत में अरुण गोयल ने आभार माना.

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

(CIN-L65110TN2014PLC097792)

रजिस्टर्ड ऑफिस: केआरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031

फोन: +91 44 4564 4000, **फैक्स:** +91 44 4564 4022

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

क्र. सं.	लोन एकाउंट नं.	लोन का प्रकार	सेक्शन 13 (2) नोटिस तिथि	सेक्शन 13 (2) नोटिस अनुसार बकाया राशि
1.	112490460	संपत्ति पर ऋण	30.08.2025	रु.7,90,109.80/-

देनदार और सह-देनदारों का नाम:- 1. गट्टू सिंह देवड़ा 2. विलाम कुंवर देवड़ा

संपत्ति का पता: संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, मकान क्रमांक संख्या 12, 1900 वर्ग फुट क्षेत्रफल, आबादी सर्वे संख्या 901, गाँव- खोदना, पीएच नंबर पर स्थित 30, तहसील- दलौदा, जिला- मंदसौर, मध्य प्रदेश-458669, और सीमा- पूर्व- सुरेंद्र सिंह, पश्चिम- बलवंत सिंह, उत्तर- सरकारी भूमि, दक्षिण- सड़क.

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है). इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

एसडी/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

दिनांक: 17.9.2025
स्थान: मन्दसौर